## अनमोल वचन

“एक प्राचीन कहावत हैं जो पेड़ तूफानों में झुक जाते है वही बच जाते हैं, परमात्मा के सान्निध्य में रहों तुम्हे इसका अर्थ स्वयं समझ आ जायेगा।”

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश






वर्ष : 13 | अंक : 265 | मूल्य : 2 रू | पृष्ठ : 8

शुक्रवार 12 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 | www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -33 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -25 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त (आज) -7:20
सूर्य उदय (कल) - 5:22

## संक्षिप्त न्यूज

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल से शुरू होने वाले दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में 158वें नियमित पाठ्यक्रम और 141वें तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगी।

### यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में एक सैन्य शिविर में हुए भीषण विस्फोट में 12 सैनिक मारे गए

यमन(एजेंसी)। यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में वीरवार सुबह सरकार समर्थक बलों के एक सैन्य शिविर में हुए भीषण विस्फोट में 12 सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट अदन के अल–मिमदाराह क्षेत्र में स्थित जायंट्स ब्रिगेड्स के एक सैन्य शिविर में हुआ। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार विस्फोट का कारण गोला–बारूद भंडारण केंद्र में हुआ विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग तेजी से पूरे भंडारण क्षेत्र में फैल गई। इसके बाद वहां रखे गोला–बारूद में लगातार कई विस्फोट हुए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। परन्तु, अधिकारियों ने अभी तक विस्फोट के कारणों की पुष्टि नहीं की है।


जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्प्ले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009


# सीबीआई ने भगोड़े वैनकेट गर्ग को जॉर्जिया से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आज भगोड़े वैनकेट गर्ग को जॉर्जिया से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और हरियाणा पुलिस के सहयोग से की गई। सीबीआई के अनुसार, वैनकेट गर्ग एक कुख्यात गैंगस्टर है और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज हत्या, रंगदारी, सुनियोजित अपराध तथा अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में वांछित था।

जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी को जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया और देश छोड़कर भाग गया।

सीबीआई ने कहा कि हरियाणा पुलिस और राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के अनुरोध पर इंटरपोल के माध्यम से आरोपी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद हरियाणा पुलिस की एक टीम जॉर्जिया गई, जहां आरोपी को औपचारिक रूप से पुलिस के हवाले किया गया।

सीबीआई ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों के आपसी समन्वय से पिछले कुछ वर्षों में 160 से अधिक वांछित अपराधियों को सफलतापूर्वक भारत वापस लाया जा चुका है।

# भारत का वस्त्र बाजार वर्तमान में बढ़कर 16 लाख करोड़ रूपये से अधिक हुआ : गिरिराज सिंह

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि भारत का वस्त्र बाजार वर्ष 2014–15 में लगभग आठ लाख पचास हजार करोड़ रुपये का था, जो वर्तमान में बढ़कर 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कृषि के बाद वस्त्र उद्योग देश में सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है।





श्री सिंह ने बताया कि देश में रेशम उत्पादन 26 हजार 480 मीट्रिक टन से बढ़कर 42 हजार पांच मीट्रिक टन हो गया है। वहीं, रेशम के आयात में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक वस्त्र उद्योग में दोगुनी वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि भारत अब दुनिया के 191 देशों को वस्त्र उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जो इस क्षेत्र की बढ़ती वैश्विक पहुंच को दर्शाता है।

इस अवसर पर वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव भी उपस्थित थीं।

# सर्वोच्च न्यायालय ने पी.सी.पी.एन.डी.टी को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया

नई दिल्ली(एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने आज गर्भ धारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक–लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम–पी.सी.पी.एन.डी.टी को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है। न्यायालय ने समाज में लड़कों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक सोच पर आधारित लिंग–चयनात्मक उपायों के निरंतर प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना और लाडली लक्ष्मी योजना जैसे सरकारी कार्यक्रम व्यवस्थागत भेदभाव को समाप्त करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाते हैं।




हाल के वर्षों में हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए, न्यायालय ने कहा कि अभी भी कई महत्वपूर्ण चुनौतियां मौजूद हैं, क्योंकि कई राज्यों में जन्म के समय लिंग अनुपात राष्ट्रीय औसत से कम है। जनगणना के आंकड़ों का हवाला देते हुए, पीठ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय बाल लिंग अनुपात 1991 में 9 सौ 45 से घटकर 2001 में 9 सौ 27 और 2011 में और घटकर 919 हो गया, जो लिंग असंतुलन की गंभीरता को दर्शाता है और इसी कारण पी.सी.पी. एन.डी.टी अधिनियम को सख्ती से लागू करना आवश्यक हो गया। ये टिप्पणियां एक डॉक्टर द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए की गईं, जिसमें गर्भ धारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक–लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 23 के तहत कथित अपराधों का संज्ञान लेने वाले आदेश को चुनौती दी गई थी।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## नागालैंड, असम और केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर




नई दिल्ली (एजेंसी)। नागालैंड, असम और केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के साथ ही नागालैंड तेल और गैस अन्वेषण को फिर से शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। इस समझौते का उद्देश्य असम–नागालैंड सीमा पर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण और उत्पादन को सुगम बनाना है।

गृह मंत्री अमित शाह आज शाम नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में आयोजित होने वाले हस्ताक्षर समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने दिया इस्तीफा



ब्रिटेन(एजेंसी)। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में सरकार पर अनिच्छा का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री कीर स्टारमर को लिखे अपने इस्तीफे पत्र में जॉन हीली ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सरकार की रक्षा निवेश योजना के तहत आवश्यक धनराशि देने से इनकार कर दिया है, जिसके कारण उनके पास मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इससे पहले, ब्रिटेन के रक्षा और वित्त मंत्रालय सैन्य खर्च में वृद्धि की बढ़ती मांगों को पूरा करने के तरीकों पर महीनों से बातचीत कर रहे थे, जिसके चलते रक्षा निवेश योजना के प्रकाशन में पिछले साल से देरी हो रही है। यह देरी ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में संघर्ष चरम पर है और अमरीका यूरोप की सुरक्षा से अपना ध्यान हटा रहा है।

## भारत और बुल्गारिया के संबंध दीर्घकालिक और स्थिर: विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर




नई दिल्ली(एजेंसी)। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत और बुल्गारिया के संबंध दीर्घकालिक और स्थिर हैं। अब दोनों देशों के लिए यह चुनौती है कि वे इन संबंधों को और अधिक गतिशील तथा बेहतर रूप दें। उन्होंने बुल्गारिया में अपनी समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा–चामोवा से मुलाकात के बाद यह बात कही। डॉ. जयशंकर ने बताया कि उनकी चर्चा के तीन आयाम थेरू पहला, भारत और बुल्गारिया के बीच द्विपक्षीय सहयोगय दूसरा, भारत और यूरोपीय संघ के बीच साझेदारीय और तीसरा, इस बात पर चर्चा कि कैसे मजबूत देश वैश्विक स्थिरता और प्रगति के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

डॉ जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक सुरक्षा, हाल के व्यवधानों के अनुभवों और आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर भारत का स्पष्ट रुख है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है और संघर्षों का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति में निहित है। डॉ जयशंकर ने आगे कहा कि आर्थिक जोखिमों के संदर्भ में, समाधान लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और अधिक विविधीकरण में निहित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समुद्री व्यापार में न तो कोई बाधा उत्पन्न हो और न ही वह खतरे में पड़े।

# यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी बधाई



यूएई (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वाधिक अवधि के लिए निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में काम करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में यह मील का पत्थर है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट में शेख मोहम्मद ने आधुनिक भारत के इतिहास में निर्वाचित शासनाध्यक्ष के रूप में अब तक सबसे लम्बी अवधि तक पद पर बने रहने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि श्री मोदी निरंतर सफल रहेंगे। उन्होंने हाल के वर्षों में संयुक्त अरब अमीरात और भारत के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति के लिए भी श्री मोदी की सराहना की।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों की बदौलत आपसी संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और दोनों देशों के विकास और खुशहाली में वृद्धि हुई है।

श्री मोदी ने इस महीने की 10 तारीख को लगातार चार हजार तीन सौ 99 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

## उत्तरी ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक टैंकर में आग लगने से समुद्र में आपात स्थिति पैदा हुई

बंदरगाह(एजेंसी)। उत्तरी ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक टैंकर में आग लगने से समुद्र में आपात स्थिति पैदा हो गई है। पिछले 72 घंटों में ओमान के जलक्षेत्र में भारतीय चालक दल वाले जहाजों से जुड़ी यह तीसरी घटना है। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है कि उसे ओमान के तट के पास एक जहाज से जुड़ी घटना की जानकारी मिली है। दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। समुद्री रिपोर्टों के अनुसार, प्रभावित जहाज गिनी–बिसाऊ के झंडे वाला टैंकर एमटी जलवीर है। इस जहाज पर करीब 20 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार हैं। ओमान के अधिकारी राहत और आपातकालीन समन्वय के प्रयासों में जुटे हुए हैं। परन्तु, टैंकर में आग लगने के कारणों की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है।

पलाऊ के झंडे वाले टैंकर एमटी सेट्टेबेलो पर सवार तीन भारतीय नाविकों की ओमान के तट के पास एक अमरीकी सैन्य कार्रवाई के दौरान मौत हो गई। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि एमटी सेट्टेबेलो पर तैनात तीन भारतीय नाविकों की जान गई है।

रिपोर्टों के अनुसार, अमरीकी युद्धक विमान ने जहाज के इंजन कक्ष को निशाना बनाकर हमला किया। इसके बाद यह हादसा हुआ। जहाज पर सवार 24 भारतीय नागरिकों में से 21 को ओमान की बचाव टीमों ने सुरक्षित निकाल लिया।अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के महासचिव ने नाविकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन को खतरे में डालने वाले किसी भी पक्ष के ऐसे कृत्यों की निंदा की है। इससे पहले 8 जून को एमटी मारिवेक्स उसी समुद्री क्षेत्र में अमरीकी सटीक हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

श्री सोनोवाल ने कहा कि अधिकारियों को एमटी सेट्टेबेलो के 21 जीवित बचे भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और मृत नाविकों के शवों को शीघ्र भारत लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारत ने मालदीव सरकार को खसरे के टीके की 20 हजार खुराक और लगभग 3 टन चिकित्सा सामग्री की खेप भेजी

मालदीव(एजेंसी)। भारत ने मालदीव सरकार को खसरे के टीके की 20 हजार खुराक और लगभग 3 टन चिकित्सा सामग्री की खेप भेजी है। इस सहायता का मुख्य उद्देश्य मालदीव में टीकाकरण कवरेज को मजबूत करना और जन स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह सहायता मालदीव में खसरे के बढ़ते मामलों से निपटने और सरकार के राहत प्रयासों को मजबूत करने में सहायक होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि मालदीव भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और विजन महासागर में विशेष स्थान रखता है। भारत दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में मालदीव सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र के शिंगआन प्रांत में एक विस्फोट में सात लोगों की मौत

चीन(एजेंसी)। चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र के शिंगआन प्रांत में वीरवार सुबह हुए एक विस्फोट में सात लोगों की मौत और 17 अन्य घायल हो गए। घटना के बाद सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी तथा गुइलिन शहर और शिंगआन के वरिष्ठ अधिकारी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट के कारणों की जांच कर रही हैं। फिलहाल घटना के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर आएंगे बीएलओ!



जीत समाचार करनाल(ब्यूरों)। 15 जून से 14 जुलाई तक घर–घर आएंगे बीएलओ! एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए विशेष सत्यापन अभियान शुरू हो रहा है।
अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी पात्र व्यक्ति की वोट नहीं कटेगी, केवल डुप्लीकेट वोट हटेंगे।1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा बनवा सकेंगे वोट।

## आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए करनाल में लगा 'समाधान शिविर', डीसी ने दिए जल्द समाधान के निर्देश




जीत समाचार करनाल (ब्यूरों)। आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए करनाल में लगा 'समाधान शिविर', डीसी ने दिए जल्द समाधान के निर्देश। करनाल मुख्यालय पर 6 तथा नीलोखेड़ी, इंद्री, असंध व घरौंडा में 1–1 शिकायत प्राप्त हुई। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें ताकि जनता को परेशानी न हो।




## 20 जून तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान!




जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए करनाल में 20 जून तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान! डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने दिए निर्देश।
13 जून को जिला व उपमंडल स्तर पर वृहद पौधारोपण।
12 व 16 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन।16 से 18 जून तक जिला व उपमंडल स्तर पर लगेंगे 'जनकल्याण शिविर' अभियान के तहत प्राकृतिक खेती पर व्याख्यान, पशु मेला और विशेष स्वच्छता अभियान भी आयोजित किए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः करनाल की नई अनाज मंडी में 21 जून को होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम!




जीत समाचार करनाल । उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
21 जून को सुबह 7 से 8 बजे नई अनाज मंडी में कार्यक्रम होगा आयोजित। डीसी ने सभी विभागों को मैट, पानी, बिजली, स्वच्छता और एम्बुलेंस जैसी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के दिए निर्देश।



जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शुक्रवार, 12 जून 2026

# संपादकीयः संपादक की कलम से

## “चिट्टा” एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में ‘चिट्टा’ (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

तस्करी का संगठित जाल

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना ‘कूरियर’ बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

युवाओं पर प्रभाव

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

चुनौती और समाधान

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

निष्कर्ष

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार

# सम्पादकीय

## खरगोश की चतुराई

किसी घने वन में एक बहुत बड़ा शेर रहता था। वह रोज़ शिकार पर निकलता और एक ही नहीं, दो नहीं कई-कई जानवरों का काम तमाम देता। जंगल के जानवर डरने लगे कि अगर शेर इसी तरह शिकार करता रहा तो एक दिन ऐसा आयेगा कि जंगल में कोई भी जानवर नहीं बचेगा।

सारे जंगल में सनसनी फैल गई। शेर को रोकने के लिये कोई न कोई उपाय करना जरूरी था। एक दिन जंगल के सारे जानवर इकट्ठा हुए और इस प्रश्न पर विचार करने लगे। अन्त में उन्होंने तय किया कि वे सब शेर के पास जाकर उनसे इस बारे में बात करें। दूसरे दिन जानवरों के एकदल शेर के पास पहुंचा। उनके अपनी ओर आते देख शेर घबरा गया और उसने गरजकर पूछा, “क्या बात है ? तुम सब यहां क्यों आ रहे हो ?”

जानवर दल के नेता ने कहा, “महाराज, हम आपके पास निवेदन करने आये हैं। आप राजा हैं और हम आपकी प्रजा। जब आप शिकार करने निकलते हैं तो बहुत जानवर मार डालते हैं। आप सबको खा भी नहीं पाते। इस तरह से हमारी संख्या कम होती जा रही है। अगर ऐसा ही होता रहा तो कुछ ही दिनों में जंगल में आपके सिवाय और कोई भी नहीं बचेगा। प्रजा के बिना राजा भी कैसे रह सकता है ? यदि हम सभी मर जायेंगे तो आप भी राजा नहीं रहेंगे। हम चाहते हैं कि आप सदा हमारे राजा बने रहें। आपसे हमारी विनती है कि आप अपने घर पर ही रहा करें। हर रोज स्वयं आपके खाने के लिए एक जानवर भेज दिया करेंगे। इस तरह से राजा और प्रजा दोनों ही चौन से रह सकेंगे।” शेर को लगा कि जानवरों की बात में सच्चाई है। उसने पलभर सोचा, फिर बोला अच्छी बात नहीं है। मैं तुम्हारे सुझाव को मान लेता हूं। लेकिन याद रखना, अगर किसी भी दिन तुमने मेरे खाने के लिये पूरा भोजन नहीं भेजा तो मैं जितने जानवर चाहूंगा, मार डालूंगा।” जानवरों के पास तो और कोई चारा नहीं। इसलिये उन्होंने शेर की शर्त मान ली और अपने-अपने घर चले गये।

उस दिन से हर रोज शेर के खाने के लिये एक जानवर भेजा जाने लगा। इसके लिये जंगल में रहने वाले सब जानवरों में से एक-एक जानवर, बारी-बारी से चुना जाता था। कुछ दिन बाद खरगोशों की बारी भी आ गई। शेर के भोजन के लिये एक नन्हें से खरगोश को चुना गया। वह खरगोश जितना छोटा था, उतना ही चतुर भी था। उसने सोचा, बेकार में शेर के हाथों मरना मूर्खता है अपनी जान बचाने का कोई न कोई उपाय अवश्य करना चाहिये, और हो सके तो कोई ऐसी तरकीब ढूंढ़नी चाहिये जिसे सभी को इस मुसीबत से सदा के लिए छुटकारा मिल जाये। आखिर उसने एक तरकीब सोच ही निकाली।

खरगोश धीरे-धीरे आराम से शेर के घर की ओर चल पड़ा। जब वह शेर के पास पहुंचा तो बहुत देर हो चुकी थी।

भूख के मारे शेर का बुरा हाल हो रहा था। जब उसने सिर्फ एक छोटे से खरगोश को अपनी ओर आते देखा तो गुस्से से बौखला उठा और गरजकर बोला, “किसने तुम्हें भेजा है ? एक तो पिद्दी जैसे हो, दूसरे इतनी देर से आ रहे हो। जिन बेवकूफों ने तुम्हें भेजा है मैं उन सबको ठीक करूंगा। एक-एक का काम तमाम न किया तो मेरा नाम भी शेर नहीं।”

नन्हे खरोगश ने आदर से जमीन तक झुककर, “महाराज, अगर आप कृपा करके मेरी बात सुन लें तो मुझे या और जानवरों को दोष नहीं देंगे। वे तो जानते थे कि एक छोटा सा खरगोश आपके भोजन के लिए पूरा नहीं पड़ेगा, ‘इसलिए उन्होंने छह खरगोश भेजे थे। लेकिन रास्ते में हमें एक और शेर मिल गया। उसने पांच खरगोशों को मारकर खा लिया।”

जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’ 93186 82393, 70187 97214.

दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय

bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’

दिनांक : 12 जून 2026, शुक्रवार

## आज का राशिफल

### आज का पंचांग

तिथि एकादशी 10:39 पीएम नक्षत्र : रेवती. 08:17 एएम
करण : बव. 11: 55 एएम बालव : 10: 39 पीएम
पक्ष : कृष्ण. योग : शोभन 00: 59 एएम
राहुकाल 14: 05 – 15: 49 विक्रमी संवतम् 2083
शक सम्वत : 1948( पराभव) मास अमांतः ज्येष्ठ( अधिक)
मास पूर्णिमांत : ज्येष्ठ ( अधिक)

### मेष राशि
अच्छा व्यवहार आप के व्यक्तित्व को और निखार सकता है. परिश्रम का फल पूर्ण रूप से मिलेगा.

### वृषभ राशि
किसी सफेद वस्तु का दान करें. धन लाभ होगा. आत्मसम्मान में वृद्धि होगी. संतान से शुभ समाचार मिलेंगे. परिवारिक कार्य में भागदौड़ रहेगी.

### मिथुन राशि
संपति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे. आप की समझ और अनुभव से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. घर के बुजुर्गों को समय दें.

### कर्क राशि
दिन की शुरूआत में स्वभाव गरम रहेगा. दिनचर्या को बदलें. अपने करीबी लोगों से आज धोखा मिलने की पूरी संभावना है. व्यय वृद्धि संभव है.

### सिंह राशि
अपने कपड़े रहन सहन इन सब के अलावा अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें. कुछ लोग आप से नाराज हैं.

### कन्या राशि
परिजनों का स्वास्थ्य नरम रह सकता है. लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यो को आज गति मिलेगी. प्रतिष्ठा वृद्धि होगी. वाणी पर नियंत्रण अति आवश्यक है.

### तुला राशि
अपने काम पर ध्यान दें. दूसरों की निंदा करने से बचें. धार्मिक लाभ मिलेगा. राजकीय सहयोग से कार्यसिद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा व भूमि निवेश लाभदायक रहेंगे.

### वृश्चिक राशि
किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी. दुकान मकान के विवाद आपसी समझोते से हल होंगे. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें. वादविवाद से बचें.

### धनु राशि
थोड़ा समय अपने परिवार को दें. प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें. अन्यथा मान सम्मान को ठेस लग सकती है. कारोबार की बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होगी.

### मकर राशि
परिवार के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे. जीवनसाथी के साथ गलतफहमी के कारण विवाद संभव है. संपत्ति के बड़े सौदे संभव हैं.

### कुम्भ राशि
कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश कामयाब होगी. आज किसी असहाय की मदद जरूर करें.

### मीन राशि
दिन की शुरूआत नए संकल्पों से होगी. परिवारजनों के साथ किसी आयोजन में शामिल होंगे. जीतना हो सके उतना विवादों को टालें.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# रेड्डू साहिब रोड पर 8 दुकानों की गैर-कानूनी मार्केट ढहाई

## नगर निगम जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, बिना नक्शा पास कराए हो रहा था निर्माण

जीत समाचार लुधियाना।
शहर में गैर-कानूनी निर्माणों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच टीम ने रेडू साहिब रोड पर बन रही 8 दुकानों वाली गैर-कानूनी मार्केट को ध्वस्त कर दिया।नगर निगम अधिकारियों के अनुसार उक्त मार्केट बिना जरूरी मंजूरियों और नक्शा पास कराए निर्माणाधीन थी। नियमों के उल्लंघन के मामले को गंभीरता से लेते हुए कॉर्पोरेशन जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच टीम ने मौके पर पहुंचकर भारी मशीनरी से पूरे ढांचे को गिरा दिया।कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी, बिल्डिंग ब्रांच का स्टाफ तैनात रहा। ढहाने के बाद मौके पर कंक्रीट का मलबा, ईंटें और अन्य निर्माण सामग्री बिखरी हुई नजर आई।

नगर निगम जोन-सी के अधिकारियों ने बताया

कि रेडू साहिब रोड पर नाजायज तौर पर बनाई जा रही इन दुकानों के खिलाफ नियमों के मुताबिक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि शहर में बिना मंजूरी के हो रहे कमर्शियल और रेजिडेंशियल कंस्ट्रक्शन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धान में बौनेपन की समस्या के प्रति जागरूक होने की जरूरतः चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर

जीत समाचार पटियाला(ब्यूरों)।
डॉ. दारा सिंह चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर पटियाला ने बताया कि पिछले साल धान की फसल में बौने पौधों की शिकायतें मिली थीं। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट पिछले कुछ सालों से लगातार इसकी वजह जानने के लिए जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पौधों का बौनापन धान की एक नई वायरल बीमारी है जो धान के सफेद पीठ वाले टिड्डे से फैलती है और यह धान की सभी मौजूदा किस्मों पर हमला कर सकती है। इस बीमारी से प्रभावित पौधे बौने हो जाते हैं, उनके पत्ते नुकीले और जड़ें उथली हो जाती हैं। प्रभावित पौधों की ऊंचाई सामान्य पौधों की आधी या एक तिहाई रह जाती है। बीमारी के ज्यादा हमले के कारण कभी-कभी पौधे मुरझाकर सूख जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी वाले पौधों को जड़ से उखाड़कर खेत में गहरा दबा देना चाहिए।




एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना के साइंटिस्ट ने बताया कि खेत में यह बीमारी फैलाने वाले कीड़े (सफेद पीठ वाले टिड्डे) पर सही कंट्रोल के लिए समय-समय पर धान की फसल की निगरानी करते रहें। टिड्डियों का आगमन देखने के लिए रात में खेत के पास बल्ब रखें। अगर टिड्डियों का आगमन दिखे तो कोई भी कीटनाशक जैसे 94 मिली. पैक्सालोन 10 एससी या 60 ग्राम. उलाला 50 डब्लूजी या 80 ग्राम. ओसिन/टोकन/डोमिनेंट 20 एसजी या 120 ग्राम. शतरंज 50 डब्लूजी या 400 मिली. ऑर्केस्ट्रा 10 एससी या 300 मिली. कल्पना 10 एससी को प्रति एकड़ 100 लीटर पानी में घोलकर पौधों की जड़ों पर स्प्रे करें। उचित नियंत्रण के लिए बैकपैक पंप और गोल नोजल का उपयोग करें। कीटनाशकों का छिड़काव केवल आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। किसी भी तरह की समस्या के लिए किसान ब्लॉक पटियाला के डॉ. गुरमीत सिंह (9779160950), ब्लॉक नाभा के डॉ. जुपिंदर सिंह गिल (9780560004), ब्लॉक भुनरहेड़ी के डॉ. मंदीप सिंह (7009227488), ब्लॉक समाना के डॉ. सतीश कुमार (9758900047), ब्लॉक राजपुरा के डॉ. जुपिंदर सिंह पन्नू (7307059201) और ब्लॉक घनौर के डॉ. रणजोध सिंह (99883कृ12299) से संपर्क कर सकते हैं।

## 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026'

### 'डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव क्षेत्र लेवल मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी'



जीत समाचार नवांशहर।
पंजाब में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन -2026 को सफल बनाने के लिए, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर संजीव शर्मा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स के मीटिंग हॉल में डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चुनाव क्षेत्र लेवल मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग देने के लिए दो दिन की ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की गई। इस ट्रेनिंग वर्कशॉप में क्ड नवांशहर अनमज्योत कौर, असिस्टेंट कमिश्नर जनरल रमनजीत, डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन ऑफिसर विशाल शर्मा, सुरिंदर पाल अग्निहोत्री, डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर गुरमुख सिंह, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर अनीता शर्मा, डिप्टी क्म्ट लखवीर सिंह, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर जगरूप सिंह, क्ब्च् कंचन अरोड़ा और नोडल ऑफिसर और अलग-अलग टीमों के सदस्य मौजूद थे। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर संजीव शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव क्षेत्र लेवल के मास्टर ट्रेनर्स और अलग-अलग टीम के नोडल ऑफिसर्स और मेंबर्स को वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रोसेस और एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के तरीके के बारे में डिटेल में जानकारी दी। उन्हें फॉर्म में डाली जाने वाली डिटेल्स, जरूरी डॉक्यूमेंट्स और ऑनलाइन अपलोडिंग प्रोसेस के बारे में भी बताया गया। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि एसआईआर का मेन मकसद वोटर लिस्ट को 100प्रतिशत प्योर और अपडेटेड बनाना है। इसलिए, हर ठस्व 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक अपने-अपने बूथ एरिया में घर-घर जाकर पूरी लगन और बिना भेदभाव के एन्यूमरेशन फॉर्म भरें। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरते समय किसी भी एलिजिबल वोटर का नाम न छूटे और कोई गलत जानकारी न डाली जाए।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर ने सेंट्रल जेल, अमृतसर के ट्रांजिट कैंप में बंद 9 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

जीत समाचार अमृतसर(ब्यूरों)।

इंसानियत और लोगों की भलाई के लिए एक पहल के तहत, सेंट्रल जेल, अमृतसर के ट्रांजिट कैंप में बंद 2 महिलाओं समेत 9 बांग्लादेशी नागरिकों को कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद 11.06.2026 को उनके अपने–अपने देशों में सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया।



वापस भेजे गए लोगों ने 11.06.2026 को सुबह करीब 4:00 बजे सेंट्रल जेल, अमृतसर से अपनी यात्रा शुरू की। तय प्रक्रिया के मुताबिक, उनकी सुरक्षित आगे की यात्रा के लिए उन्हें जरूरी सुविधाएँ और मदद दी गई। करीब 30 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद, वे बांग्लादेश बॉर्डर पहुँचेंगे, जहाँ उन्हें आगे की जरूरी कार्रवाई के लिए उनके देश के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

यह जरूरी ऑपरेशन श्रीमती जतिंदर कौर, माननीय डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज–कम–चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर के काबिल गाइडेंस और सुपरविजन में पूरा किया गया। इस वापसी प्रोसेस को सफल बनाने के लिए, श्री अमरदीप सिंह बैंस, सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर ने संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार तालमेल और कोशिशें कीं ताकि ये लोग जल्द से जल्द अपने वतन लौट सकें और अपने परिवारों से मिल सकें।

डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर ने लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट, 1987 के मकसद के मुताबिक, विदेशी नागरिकों समेत सभी लोगों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने में एक्टिव भूमिका निभाई। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर ने इन लोगों के मामलों पर नजर रखी, जरूरत पड़ने पर कानूनी मदद दी और अलग–अलग डिपार्टमेंट के साथ तालमेल करके वापसी प्रोसेस में तेजी लाने की कोशिश की। यह पक्का किया गया कि उनके साथ पूरी इज्जत और इंसानी सेंसिटिविटी के साथ पेश आया जाए।

जेल एडमिनिस्ट्रेशन ने भी इस सफल वापसी प्रोसेस में अहम भूमिका निभाई। श्री राजीव कुमार अरोड़ा, सुपरिंटेंडेंट, सेंट्रल जेल, अमृतसर और श्री नविंदर सिंह, एडिशनल सुपरिंटेंडेंट, सेंट्रल जेल, अमृतसर ने सभी जरूरी एडमिनिस्ट्रेटिव फॉर्मैलिटीज को पूरा करने और इन लोगों के आसानी से जाने में पूरी मदद की। जेल डिपार्टमेंट ने डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर और दूसरी संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर इस काम को आसानी से और इंसानी तरीके से पूरा किया। इनमें से कई लोगों के लिए, यह वापसी अनिश्चितता और अपने परिवारों से लंबे समय तक अलग रहने के समय के खत्म होने का संकेत है। यह पहल न केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन करने का मामला है, बल्कि इंसानी दया, संवेदनशीलता और व्यक्तिगत सम्मान को महत्व देने का एक उदाहरण भी है। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, जेल डिपार्टमेंट और दूसरी संबंधित अथॉरिटीज की मिली–जुली कोशिशों से, ये लोग अपने परिवारों से फिर से मिल पाए हैं और नई उम्मीद के साथ जिंदगी शुरू कर पाए हैं। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, अमृतसर जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने, इंसानी सम्मान की सुरक्षा और कानूनी मदद देने के अपने वादे पर कायम है।

# एस.आई.आर प्रोसेस के तहत असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी गई

जीत समाचार बठिंडा।

श्री राजेश धीमान डिप्टी कमिश्नर –कम–डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर बठिंडा के निर्देशों पर आज असिस्टेंट कमिश्नर श्री गुरजिंदर पाल सिंह की लीडरशिप में एसआईआर प्रोसेस को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए डिप्टी कमिश्नर के ऑफिस में असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग ऑर्गनाइज की गई।




इस मौके पर उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए प्रोग्राम जारी किया है और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की डायरेक्ट सुपरविजन में ँप से जुड़ी हर एक्टिविटी को आसानी से पूरा किया जाना है।

उन्होंने कहा कि इस ट्रेनिंग का मेन मकसद इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की तरफ से जारी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करना है ताकि ँप प्रोसेस को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

इस मौके पर तहसीलदार (इलेक्शन) हरजिंदर कौर, मास्टर ट्रेनर्स गुरदीप सिंह मान, कुलविंदर सिंह और सुखजिंदर सिंह मौजूद थे।

# 'बाल मजदूरी की रोकथाम के तहत खन्ना में दुकानों और ढाबों की चेकिंग'

जीत समाचार लुधियाना। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन की गाइडलाइंस के तहत, बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए जीवनजोत प्रोजेक्ट के तहत एक खास कैंपेन चलाया गया।

डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर रश्मि की लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स ने कल खन्ना में अलग–अलग दुकानों और ढाबों पर सरप्राइज चेकिंग की, जहां बाल मजदूरी में लगे 09 बच्चों को बचाया गया।

डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर श्रीमती रश्मि ने बताया कि रेस्क्यू के बाद बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, लुधियाना के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ–साथ उनके माता–पिता की भी काउंसलिंग की गई।

यह कैंपेन लीगल ऑफिसर दीपक कुमार (डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिस), शरद सूद (सुपरवाइजर) चाइल्ड हेल्प लाइन (1098), लुधियाना लेबर डिपार्टमेंट और पुलिस डिपार्टमेंट ने मिलकर चलाया। अवेयरनेस कैंपेन के दौरान लोगों को बताया गया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों से बाल मजदूरी नहीं करवानी चाहिए। डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर रश्मि ने कहा कि यह सरप्राइज चेकिंग भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि चाइल्ड लेबर को पूरी तरह खत्म किया जा सके।



# नीट के पांचों परीक्षा केंद्रों पर करें पुख्ता प्रबंध : गंधर्वा राठौड



जीत समाचार हमीरपुर(दिनेश कुमार शर्मा)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट (यूजी)–2026 के लिए हमीरपुर में बनाए गए पांचों परीक्षा केंद्रों पर एनटीए के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को यहां हमीर भवन में जिला के अधिकारियों, पांचों परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके विभिन्न प्रबंधों को लेकर व्यापक विचार–विमर्श किया।

उपायुक्त ने बताया कि गत 3 मई को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा के लिए हमीरपुर शहर एवं इसके आस–पास के शिक्षण संस्थानों में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और इन सभी केंद्रों पर यह परीक्षा सुचारू ढंग से आयोजित की गई थी। अब दोबारा 21 जून को हो रही इस परीक्षा के दौरान भी किसी भी तरह की लापरवाही या अनावश्यक विवाद नहीं होना चाहिए तथा एनटीए की ओर से जारी सभी दिशा–निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना होनी चाहिए। गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि पिछली बार कुछ परीक्षा केंद्रों के आस–पास वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण कुछ देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी और मौसम खराब होने के कारण बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हुई थी। इस तरह की परिस्थितियों को रोकने के लिए संबंधित अधिकारी पर्याप्त प्रबंध करें। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर होने वाली तलाशी के लिए विशेष रूप से महिला पुलिस कर्मचारी तैनात की जाएंगी और शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों के लिए बस सेवा का प्रबंध भी किया जाएगा। मेडिकल सहायता के लिए एंबुलेंस भी उपलब्ध रहेगी।

**21 जून को हमीरपुर शहर और इसके आस–पास के शिक्षण संस्थानों के 5 केंद्रों पर होगी यह परीक्षा।**

बैठक में सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और नीट परीक्षा के सिटी कोर्डिनेटर एवं केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में 3.5 करोड़ की आधुनिक मशीनरी जल्द होगी स्थापितः यादविंद्र गोमा




जीत समाचार जयसिंहपुर(रवि कुमार)। प्रदेश के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने घोषणा की है कि सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने के लिए 3.5 करोड़ रुपये की नई मशीनरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेज दिया गया है, जिसे शीघ्र ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

यह जानकारी मंत्री ने आज अस्पताल परिसर में आयोजित श्रोगी कल्याण समितिश की बैठक की अध्यक्षता करने के उपरांत दी। बैठक में अस्पताल के प्रशासनिक और स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 33 लाख 47 हजार 500 रुपये का बजट सर्वसहमति से पारित किया गया।

स्वच्छता और बेहतर इलाज पर जोर

मंत्री ने अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (ज्) हेतु 55 लाख रुपये की धनराशि मंजूर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आम जनता को घर–द्वार पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। अस्पताल में पहले से ही 15 लाख रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन और 20 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर क्रियाशील हो चुके हैं, जिसका लाभ स्थानीय मरीजों को मिल रहा है।

दो माह में शुरू होंगे ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आगामी दो माह के भीतर इन दोनों सुविधाओं को पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाए। इससे गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों के अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जसवंत डढ्वाल, नव–निर्वाचित जिला परिषद सदस्य (लंबागांव) अभिलाषा, तहसीलदार जयसिंहपुर ललित ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण सूद, खंड विकास अधिकारी सिकंदर कुमार सहित रोगी कल्याण समिति के अन्य सरकारी एवं गैर–सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर वितरण सूचना

दिनांक 12/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।

मढ़ोल एवं थारा : जहां आज गैस सिलेंडर वितरण नहीं हो पाया, वहां कल सप्लाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त उतरापुर, टंबर, झामुन, लोअर दगोह, अपर दगोह, टम्बरू, दरुमका, कचेहरा, मझेरा, लूगट एवं तिंनबर में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।

नोटः कृपया गैस प्राप्त करते समय अपना उपभोक्ता नंबरध्बुकिंग विवरण तैयार रखें।

चढ़ियार गैस सर्विस

# बराल्ू मेले में मानसी की 'रेजिन आर्ट' का जादूः नाम की कलाकृतियों और ज्वैलरी ने खींचा सबका ध्यान



जीत समाचार जयंसिहपुर/दगोह (अभिषेंक न्यूज–एडिटर)। बरालू स्थानीय मेले में इस बार कला का एक नया और आधुनिक रूप देखने को मिला, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा कलाकार मानसी ने पहली बार अपनी कला को सीधे आम जनता के समक्ष प्रदर्शित किया। उनकी 'रेजिन आर्ट' की प्रदर्शनी मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बनी हुई है।

मानसी के स्टॉल पर पहुँचते ही आपको रंगों और रचनात्मकता का एक अलग संसार दिखाई देगा। उन्होंने न केवल सुंदर नाम की कलाकृतियां बनाई हैं, बल्कि गले के लिए विशेष पेंडेंट और लॉकेट भी तैयार किए हैं, जो अपनी चमक और फिनिशिंग के कारण लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

क्या है खास?

रेजिन आर्ट मानसी का काम आधुनिक रेजिन तकनीक पर आधारित है, जो देखने में कांच जैसा पारदर्शी और चमकदार लगता है।

कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स– लोग अपने नाम की पट्टियां और कस्टमाइज्ड पेंडेंट बनवा रहे हैं, जिन्हें वे अपने प्रियजनों को उपहार के रूप में दे सकें।

लोकप्रियताः मानसी के स्टॉल पर युवाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो विशेष रूप से उनकी ज्वेलरी डिजाइन की तारीफ कर रहे हैं।

मानसी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मेरा उद्देश्य रेजिन आर्ट को लोगों के करीब लाना था। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि लोगों को मेरे बनाए पेंडेंट और नाम की कलाकृतियां इतनी पसंद आ रही हैं।'

मेले में आए लोग अब इसे यादगार भेंट के रूप में खरीद रहे हैं। मानसी की यह पहली प्रदर्शनी न केवल सफल रही, बल्कि उन्होंने यह साबित कर दिया है कि कला अगर आधुनिक हो, तो वह हर उम्र के व्यक्ति का ध्यान खींच सकती है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com




# मेले समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक के प्रतीक : बाली



नगरोटा(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली ने थाना बरग्रां पंचायत के चंद्रोट और थाना मेला कमेटी द्वारा आयोजित होने वाले स्थानीय मेले में मुख्य अतिथि बनकर शिरकत की। उन्होंने मेला कमेटी को ऐतिहासिक छिंज मेले के सफलता पूर्वक आयोजन पर बधाई दी। इस मौके पर मेला कमेटी प्रधान राय सिंह और सदस्यों ने शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

संबोधन के दौरान उन्होंने कहा इस मेले का इतिहास पुराना है और समय के साथ–साथ मेले का स्वरूप और आकार भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करने में ये अहम भूमिका निभाते हैं।

बाली ने कहा कि मेलों और उत्सवों के आयोजनों से अगली पीढ़ी तक भी हमारी उच्च परमपरायें पहुंचती हैं और इनका ज्ञान भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इन उत्सवों में आयोजित होने वाले आयोजनों में खेलों, संस्कृति कार्यक्रमों के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर मिलता है। मनोरंजन के साथ–साथ व्यापार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान का भी होता है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और मेला कमेटी के साथ बैठकर कुश्ती देखने का आनंद लिया।

उन्होंने विजेता और उपविजेता पहलवानों को इनाम बांटे। दंगल चंबा के रजाक के नाम रहा उन्हें 15 हजार इनाम दिया गया। उपविजेता कांगड़ा के राहुल रहे उन्हें 11 हजार इनाम दिया गया। मुख्य अतिथि ने कहा इस मेला ग्राउंड के लिए उन्होंने 7 लाख रुपये दिए जिससे एक सुंदर मेला ग्राउंड बनाया गया जहां आज लोग बैठकर कुशती का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने मेला ग्राउंड में सोलर लाइट लगाने की भी घोषणा की। और अधिकारियों को यहां हेड पंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला ग्राउंड में मेले के लिए मुख्य गेट बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने स्थानीय सड़क की मुरम्मत करने के निर्देश दिए।

# वॉलीबॉल चौंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मंडी, शिमला रेड, हमीरपुर तथा कुल्लू की टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन

जीत समाचार शिमला(ब्यूरों)। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव–2026 के तहत आयोजित की जा रही पहली एंटी चिट्टा अंतर जिला वॉलीबॉल चौंपियनशिप में आज के मुकाबलों में मंडी, शिमला रेड, हमीरपुर तथा कुल्लू की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दिन के पहले मुकाबले में मंडी ने शिमला ब्लू को एकतरफा मुकाबले में 3–0 से पराजित किया। मंडी की टीम ने मैच के दौरान आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। दूसरे मुकाबले में शिमला रेड ने चंबा को 3–0 से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। शिमला रेड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासित खेल का परिचय दिया। तीसरे मैच में हमीरपुर ने शिमला येलो को 3–1 से शिकस्त दी। मुकाबला रोमांचक रहा, लेकिन हमीरपुर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। दिन के चौथे और सबसे रोमांचक मुकाबले में कुल्लू ने सिरमौर को कड़े संघर्ष के बाद 3–2 से पराजित किया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें कुल्लू ने अंतिम समय तक बढ़त बनाए रखी।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला शिमला रेड और हमीरपुर के बीच खेला गया जिसमें शिमला रेड ने 3–1 से जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। आयोजकों ने सभी टीमों के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा खेल भावना बनाए रखने का आह्वान किया। 12 जून को इस अंतर जिला वॉलीबॉल चौंपियनशिप का समापन होगा।

## लंबागांव पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के संबंध में आपके द्वारा साझा की गई जानकारी के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं

जीत समाचार जयसिंहपुर/लंबागांव (रवि कुमार)। पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के संबंध में आपके द्वारा साझा की गई जानकारी के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैंरू

बैठक की तिथिः एसडीएम एवं चुनाव अधिकारी द्वारा पंचायत समिति की बैठक 16 जून 2026 को बुलाई गई है, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव (ताजपोशी) होगा।

कोरम की आवश्यकताः 19 सदस्यीय समिति में कार्यवाही शुरू करने के लिए 10 या उससे अधिक सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

संख्या बल का दावाः खबरों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने अपने पास 11 सदस्य होने का दावा किया है, जो बहुमत (10) के आंकड़े से अधिक है।

अतिरिक्त जानकारीः पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के नियम और प्रक्रियाएं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अधीन होती हैं। यदि किसी दल के पास स्पष्ट बहुमत है, तो कोरम पूरा होने पर प्रक्रिया का सुचारू रूप से संपन्न होना अपेक्षित है। स्थानीय प्रशासनिक घोषणाओं और आधिकारिक अधिसूचनाओं पर नजर

# बरोट को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में चला व्यापक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान

## प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर उपमंडलाधिकारी ने ली अहम बैठक, जनसहभागिता पर दिया जोर



जीत समाचार पधर (अभिषेंक)। बरोट को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम के तहत आज बरोट में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी द्रंग विनय चौहान ने की। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न महिला मंडलों के सदस्य, होटल–ढाबा संचालक, दुकानदार तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

अभियान के दौरान बरोट क्षेत्र में प्लास्टिक कूड़ा एकत्रित किया गया तथा ढाबा मालिकों और दुकानदारों को ठोस कचरे को खुले में न फेंकने, कचरे का पृथक्करण करने तथा प्लास्टिक कचरे को पंचायत द्वारा अधिकृत व्यक्ति को ही सौंपने के बारे में जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी विनय चौहान ने बताया कि बरोट पंचायत क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर पंचायत द्वारा प्लास्टिक कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। उपमंडलाधिकारी (ना.) पधर सुरजीत सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों, ढाबा मालिकों, दुकानदारों एवं अन्य स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। बैठक में बरोट में प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ उनके सुझाव भी लिए गए।

उपमंडलाधिकारी सुरजीत सिंह ने कहा कि बरोट में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की अत्यंत आवश्यकता है तथा प्रशासन द्वारा शीघ्र ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधन प्रणाली शुरू की जाएगी, ताकि बरोट को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने सभी व्यापारियों, ढाबा संचालकों, दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की।